
RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 21 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 117 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई हवाईअड्डे पर डीआरआई की बड़ी कार्रवाई....!

### 15 करोड़ के नशीले पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार



**मुंबई :** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक भारतीय यात्री से लगभग 15 करोड़ रुपये की कीमत का सफेद पाउडर जब्त किया गया है। इसे कोकीन बताया जा रहा है।

**1,496 ग्राम सफेद पाउडर मिला**


राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर अदीस अबाबा से मुंबई आए एक यात्री को शुक्रवार को हवाई अड्डे पर रोका गया। इसके बाद जांच की गई तो उसके पास से 1,496 ग्राम सफेद पाउडर बरामद हुआ। उन्होंने कहा कि इस नशीले पदार्थ को कोकिन बताया जा रहा है। इसकी कीमत लगभग 15 करोड़ रुपये है।

**अधिकारियों ने बिछाया जाल**

इसके अलावा, पकड़े गए यात्री से पूछताछ और निगरानी के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने जाल बिछाया और नशीला पदार्थ लेने आई महिला को भी गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने कहा कि युगांडा की रहने वाली एक महिला नवी मुंबई के वाशी में मादक पदार्थ लेने आई थी। तभी उसे पकड़ लिया गया।

# संजय राउत ने अजित पवार को बताया कठफोड़वा

### कहा- 'शिंदे की कुर्सी में कर देंगे छेद'



**महाराष्ट्र :** बीते कुछ दिनों पहले एनसीपी प्रमुख शरद पवार और महाराष्ट्र की नवनियुक्त डिप्टी सीएम अजित पवार की पुणे में मुलाकात से प्रदेश की सियासत में सरगर्मियां तेज हो गई. सियासी गलियारों इस पर मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है. उनकी इस मुलाकात पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद और शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि, 'उनकी ये मुलाकात राजनीति से परे थी. उन्होंने दोनों की मुलाकात का बचाव करते हुए कहा कि शरद पवार और अजित पवार कई गैर राजनीतिक संगठनों के लिए काम कर रहे हैं, ये संगठन समय-समय पर गुप्त बैठकें करते हैं. जो उनके काम काज में शुमार है. संजय राउत ने सामना के साप्ताहिक लेख रोकठोक में उनकी बैठक और दोनों की राजनीतिक तरीकों पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा कि, 'कई विशेषज्ञ महाराष्ट्र में पवार परिवार की राजनीति को समझने में नाकाम रहे हैं.' सांसद संजय राउत ने बाला साहेब ठाकरे का एक लेख का जिक्र करते हुए कहा कि, 'बाला साहेब ठाकरे ने महाराष्ट्र के सियासी नेताओं पर एक कार्टून बनाया था, जहां उन्होंने शरद पवार को एक वुडपिकर (कठफोड़वा) के रुप में दशार्या था जो कुर्सियों में छेद कर सकता है. मुझे लगता है कि अजित पवार एक वुडपिकर के रुप में उभर रहे हैं. उन्होंने एनसीपी में छेद कर दिया है.'

**दोनों की बैठक से भ्रम पैदा होना लाजमी- संजय राउत**

खबर के मुताबिक, संजय राउत ने अजित पवार पर तंज कसते हुए कहा कि, 'अजित पवार को शरद पवार राजनीति में लेकर आये हैं, आज अजित पवार जो कुछ भी हैं वे शरद पवार की वजह से हैं.

### संजय राउत ने सीएम शिंदे को लेकर किया ये दावा

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाते हुए कहा कि, 'इस वुडपिकर (अजित पवार) का इस्तेमाल देवेंद्र फडणवीस एकनाथ शिंदे की कुर्सी में छेद करने के लिए कर रहे हैं. शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की है. उन्होंने दावा किया कि ये प्रतिनिधिमंडल मानता है कि सीएम शिंदे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाना बीजेपी के सियासी सेहत के लिए नुक्सानदेह है. राउत ने कहा फिर भी सीएम शिंदे दावा कर रहे हैं कि 2024 विधानसभा चुनावों में वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे. उन्होंने कहा कि अगर वाकई ऐसा है तो अजित पवार को इस गठबंधन में शामिल नहीं होना चाहिए था.

## ठाणे जिले में रेलवे कर्मचारी का शव मिला



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे का एक कर्मचारी अपने घर में रविवार को मृत पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रेलवे के 45 वर्षीय एक कर्मचारी का शव दोपहर में कल्याण शहर के कोलसेवाड़ी इलाके में उसके घर में छत से लटका हुआ पाया गया। उन्होंने बताया कि शव क्षत-विक्षत हालत में मिला है। उन्होंने बताया कि वह उपनगरीय रेलवे नेटवर्क में लोको पायलट के रूप में कार्यरत था और अकेला रहता था। उन्होंने बताया कि उस व्यक्ति के पड़ोसियों ने पुलिस को तब सूचित किया जब घर से दुर्गंध आने लगी और उन्होंने पिछले कुछ दिनों से उसे नहीं देखा था।

## मुंबई में एक महिला ने 18वीं मंजिल से कूदकर दे दी जान...

### पिछले तीन महीने से कुछ बीमारियों से थी पीड़ित




**मुंबई :** मुंबई के पूर्वी उपनगर भांडुप में एक ऊंची इमारत से एक महिला ने 20 अगस्त (रविवार) को कूदकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने इस घटना कि जानकारी देते हुए बताया कि 47 वर्षीय महिला ने 18वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली है।

**बीमारियों से ग्रसित थी महिला**

भांडुप पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता रीना सोलंकी पिछले तीन महीने से कुछ बीमारियों से पीड़ित थी और इसके कारण मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। उन्होंने आगे बताया कि यह घटना सुबह 22 मंजिला त्रिवेणी संगम हाउसिंग सोसायटी में हुई, जब महिला एक कुर्सी पर खड़ी थी और 18वीं मंजिल के अपार्टमेंट की खिड़की से बाहर कूद गई।

**जांच में जुटी पुलिस**

अधिकारी ने बताया कि घटना के तुरंत बाद रीना सोलंकी को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।उन्होंने बताया कि प्रारंभिक सूचना के आधार पर दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 6 किलो सोना बरामद...



**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) ने मुंबई एयरपोर्ट पर पांच यात्रियों की तलाशी लेने के बाद 6 किलो सोना जब्त किया है। बरामद किए गए सोने की कीमत 3.20 करोड़ रुपये अंतरराष्ट्रीय बाजार में आंकी गई है। इस मामले की गहन छानबीन कस्टम विभाग की टीम कर रही . जानकारी के अनुसार शनिवार को पांच यात्री दुबई से मुंबई आए थे। इन लोगो ने अंडरवियर, जूते और पतलून में छिपाकर सोने की पेस्ट छिपाकर लाया था। लेकिन इसकी जानकारी कस्टम विभाग की टीम को पहले ही पता चल गई थी। इसीलिए कस्टम विभाग के अधिकारियों ने इन पांचों को मुंबई एयरपोर्ट पर रोका और इनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान इन पांचों के पास से छह किलो सोना बरामद किया गया है। इसके बाद कस्टम अधिकारियों ने इन पांचों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की गहन छानबीन कस्टम विभाग की टीम कर रही है।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### जनधन योजना की उपलब्धि

मात्र नौ वर्षों में जनधन खातों की संख्या पचास करोड़ के ऊपर पहुंच जाना एक ऐसी उपलब्धि है जिसकी विश्व में मिसाल मिलना कठिन है। वित्तीय समावेशन की इस महत्वाकांक्षी योजना ने देश के आम लोगों, विशेष रूप से निर्धन वर्ग को न केवल आर्थिक रूप से सबल बनाया है, बल्कि उसे बचत करने की प्रेरणा भी प्रदान की है। शायद यही कारण है कि इस योजना की प्रशंसा विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी की है।

इस योजना ने वित्तीय समावेशन में कितना उल्लेखनीय योगदान दिया है, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि जनधन खाताधारकों में 56 प्रतिशत महिलाएं हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इसमें संदेह नहीं कि इस योजना ने केवल गरीबों को आत्मनिर्भरता की राह ही नहीं दिखाई, बल्कि सरकारी योजनाओं में होने वाले भ्रष्टाचार पर भी प्रभावी ढंग से लगाम लगाई है। चूंकि जनधन खाते डीबीटी यानी प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण से जुड़े हैं, इसलिए सरकार की विभिन्न योजनाओं का पैसा बिना किसी रिसाव के सीधे जनधन खाता धारकों के खाते में पहुंचता है। पहले यह पैसा भ्रष्ट तत्वों की जेबों में चला जाता था। यह विस्मृत नहीं किया जा सकता है कि एक समय प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी ने खुद यह स्वीकार किया था कि जनकल्याण की योजनाओं के लिए केंद्र सरकार की ओर से भेजे जाने वाले धन का केवल 15 प्रतिशत ही पात्र लाभार्थियों तक पहुंचता है। आज स्थिति पूरी तरह भिन्न है।

जनधन खातों और उनमें सीधे नकद हस्तांतरण ने न केवल जनकल्याण की योजनाओं में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि इनका लाभ केवल पात्र व्यक्तियों को ही मिले। ऐसी योजनाओं के क्रियान्वयन में यह पारदर्शिता अनिवार्य भी है। जब यह योजना शुरू की गई थी तो विपक्ष के अनेक नेताओं और कुछ अर्थशास्त्रियों ने भी यह कहकर मोदी सरकार का उपहास उड़ाया था कि आखिर इन खातों में पैसा कहां से आएगा। स्पष्ट है कि वे पूरी तरह गलत साबित हुए।

इन खातों में केवल जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना समेत अनेक योजनाओं का धन ही सीधे नकद हस्तांतरण के जरिये नहीं पहुंच रहा है, बल्कि जनधन खाताधारक अपनी कमाई का पैसा भी जमा कर रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार जनधन खातों में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि अब तक जमा हो चुकी है। स्पष्ट है कि इस योजना ने करोड़ों लोगों को केवल आर्थिक संबल ही नहीं प्रदान किया, बल्कि उन्हें देश की आर्थिक उन्नति में भागीदार भी बनाया है। एक देश की समग्र आर्थिक उन्नति तभी होती है जब उसके प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से निर्धन वर्ग सबल-समर्थ बनता है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# महाराष्ट्र में लाइटर को लेकर कूरियर डिलीवरी बॉय से मारपीट... आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** महाराष्ट्र से एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। पूर्वी महाराष्ट्र के घाटकोपर में माता रमाबाई अंबेडकर नगर में एक कूरियर डिलीवरी बॉय पर चार लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित को रॉड के साथ बेरहमी से पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं।यह घटना 18 अगस्त की है। पीड़ित शाहिद खान (34) और चार लोगों के बीच लाइटर को लेकर बहस हुई जिसके बाद उसकी पिटाई की गई।

पुलिस को दिए बयान में पीड़ित शाहिद खान ने बताया कि घटना के दिन वह दोपहर करीब 1:15 बजे काम से घर लौट रहे थे, जैसे ही वह रमाबाई अंबेडकर नगर में गौसिया मस्जिद के पास पहुंचे तो एक आरोपी ने उनसे सिगरेट जलाने के लिए लाइटर मांगा। खान ने उन्हें लाइटर दे दिया, लेकिन काफी देर तक लाइटर वापस न करने पर खान ने उनसे अपना लाइटर वापस मांगा। इसको लेकर दोनों में बहस हो गई।

खान ने पुलिस को बताया कि स्थिति तब खराब हो गई जब उस आदमी ने न केवल लाइटर लौटाने से इनकार कर दिया बल्कि मुझे गालियां देना भी शुरू कर दिया, फिर उसने अपने तीन दोस्तों को बुलाया और मुझ पर हमला किया। जिसमें मेरे चेहरे, सिर, कंधे और पीठ पर वार किए गए। मेरे पेट और पीठ पर भी घूंसे और लातें मारीं।

हमले के बाद हमलावर घटनास्थल से चले गए, जिससे खान को भागने और अपने घर पहुंचने का मौका मिल गया। उन्होंने इस घटना की जानकारी अपनी पत्नी और भाई को दी। खान की हालत के बारे में चिंतित होकर वे उसे राजावाड़ी अस्पताल ले गए, जहां उसकी चोटों का इलाज किया गया। घटना का पता शुक्रवार सुबह चला। खान के बयान के आधार पर पुलिस ने चार संदिग्धों की पहचान की, जिसमें जतिन संजय सिंह, विशाल गौतम जाधव, क्षितिक उर्फ दत्ता कांबले (माल्टो), और महेंद्र मुकेश सिंह शामिल हैं। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात सभी चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया।

खान के परिवार ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने शाहिद को 'जय श्री राम' बोलने के लिए मजबूर किया। हालांकि पंत नगर पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रविदत्त सावंत ने सांप्रदायिक मकसद के आरोपों से इनकार किया है और हमले के लिए हल्का विवाद और शराब कारण बताया है। शाहिद खान को इस हमले में काफी चोटें आई हैं। उनकी नाक और खोपड़ी पर गंभीर फ्रैक्चर हुए है। चारों आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। आरोपियों को 19 अगस्त को अदालत में पेश किया गया। वहीं उन्हें 22 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।


## अडाणी इलेक्ट्रिसिटी 2,000 करोड़ रुपये से मुंबई में दो ट्रांसमिशन लाइन बनाएगी...




**मुंबई :** अडाणी समूह की कंपनी अडाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई में अपने नेटवर्क को मजबूत करने उद्देश्य से शहर में दो नई ट्रांसमिशन लाइन बनाने के लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह 2027 तक शहर के लिए जरूरी बिजली का 60 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त करके उसे अधिक हरित बनाने की दिशा में एक कदम है। इन दो नई ट्रांसमिशन लाइन में मेगालोपोलिस के उत्तरपूर्वी उपनगर में 84 सीकेएम खारघर (नवी मुंबई में) विखरोली लाइन और ठाणे-आरे कॉलोनी लाइन शामिल हैं। विखरोली लाइन 2025 तक तैयार हो जाएगी।

नाम उजागर ना करने की शर्त पर कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने से कहा, ''उम्मीद है कि इस साल अक्टूबर से योजना पर काम शुरू हो जाएगा। ठाणे लाइन पर काम पहली लाइन के बाद शुरू होगा और 2027 में यह चालू होगी।'' कंपनी अपनी मूल कंपनी अडाणी ट्रांसमिशन की परियोजनाओं के जरिए अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं से 1,700 करोड़ रुपये का कर्ज हासिल करने में पिछले सप्ताह सफल रही थी। उन्होंने कहा, ''हम इसके लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेंगे, जिसमें से 1,700 करोड़ रुपये वित्त पोषित ऋण होंगे।''

## अरब सागर में डूबती नाव से सात मछुआरों को बचाया गया



**मुंबई :** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में अरब सागर के तट पर डूबती हुई नाव से सात मछुआरों को बचाया गया। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नाव 17 अगस्त को डूबी थी तथा उसका अवशेष आज सुबह रायगढ़ जिले के दिवेआगर तट पर बहता हुआ पाया गया।

उन्होंने बताया कि घटना बृहस्पतिवार की शाम करीब चार बजे दिघी अदगांव के पास उस वक्त हुई थी, जब सात मछुआरों का एक दल अपनी नाव 'बाना सागर' को लेकर समुद्र के भीतर नौ मील तक चला गया था। अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही नाव डूबने लगी, आसपास मौजूद गुजरात के दो ट्रॉलर ने सातों मछुआरों को बचा लिया।

अधिकारी के अनुसार, जब तक तट रक्षक घटनास्थल पर पहुंचे, तब तक चालक दल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। उन्होंने बताया कि 17 अगस्त को नाव को नहीं बचाया जा सका था। अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह नाव का अवशेष दिवेआगर के तट पर बहता हुआ पाया गया।

# महाराष्ट्र के ठाणे में टेंपो से कुचलकर नाबालिग लड़की की मौत....

## पुलिस ने टेंपो जब्त कर मामला किया दर्ज




**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक तेज रफ्तार टेंपो की चपेट में आने से सात साल की एक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। भायंदर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात करीब आठ बजे भायंदर इलाके के भोलेनाथ नगर में हुई जब लड़की अपने घर के बाहर खेल रही थी। उन्होंने बताया कि घायल लड़की को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। इलाके के कुछ लोगों ने टेंपो चालक को पकड़ लिया। अधिकारी ने कहा कि बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया और भारतीय दंड संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया और टेंपो जब्त कर लिया गया।

# मराठवाड़ा में आखिरकार बारिश की वापसी, अगले 3 दिनों तक कैसी रहेगी मौसम

## पूरे महाराष्ट्र में जुलाई की जोरदार बारिश ने अगस्त के महीने में ब्रेक लिया

## तीन हफ्ते के ब्रेक के बाद मराठवाड़ा में बारिश आई, 24 घंटों में 12 मिमी बारिश

**मुंबई:** पूरे महाराष्ट्र में जुलाई की जोरदार बारिश ने अगस्त के महीने में ब्रेक ले लिया। अगस्त के पहले तीन सप्ताह सूखे रहने के कारण किसानों में चिंता का माहौल था। मराठवाड़ा के किसान अगस्त महीने में बारिश का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार, तीन हफ्ते के ब्रेक के बाद मराठवाड़ा में बारिश आ गई है। मराठवाड़ा रीजन में बारिश होने से किसानों को राहत मिली है। मराठवाड़ा में शनिवार सुबह से 24 घंटों में 12 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वहीं मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक मराठवाड़ा में अगले तीन दिनों में हल्की बारिश होने की संभावना है।



छत्रपति संभाजीनगर में 24 घंटे में 7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं सबसे ज्यादा बारिश नांदेड़ जिले में हुई। नांदेड़ जिले में 32 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस बीच हिंगोली जिले में 17 मिमी, जालना जिले में 11 मिमी, परभणी में 8 मिमी, बीड जिले में 6 मिमी, लातूर जिले में 2 मिमी और धाराशिव में 1 मिमी बारिश दर्ज की गई।

**मराठवाड़ा में बारिश की भारी कमी**

मराठवाड़ा में अगस्त के पहले तीन हफ्तों में भारी कमी हुई है। मराठवाड़ा में अगस्त में बारिश की कमी 77 फीसदी तक पहुंच गई है। खरीफ सीजन के महत्वपूर्ण समय में बारिश पर ब्रेक लगने से किसानों में चिंता का माहौल पैदा हो गया है।

**फसल पर पड़ रहा बुरा असर**

धाराशिव जिले के वाशी तालुका के किसान सुभाष जोशी ने कहा कि अगर अच्छी बारिश हुई तो खरीफ सीजन की फसलें बच जाएंगी। इस साल खरीफ सीजन के दौरान मॉनसून के देर से आने के कारण बुआई में देरी हुई। उन्होंने आशंका जताई कि अगस्त माह में कम बारिश के कारण फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

**IMD का अलर्ट क्या?**

इस बीच भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक मराठवाड़ा में 23 अगस्त तक हल्की बारिश होगी। मराठवाड़ा में बारिश की स्थिति को देखते हुए खेती को बचाने के लिए अगर बारिश शुरू नहीं हुई तो किसान जायकवाड़ी बांध से पानी छोड़ने की मांग भी कर सकते हैं।

# जेली फिश; समुद्री किनारों पर दहशत का माहौल,

## जुहू बीच के पास डॉक्टरों की एक टीम भी एंबुलेंस के साथ तैनात

**मुंबई** : इन दिनों मुंबई के आसपास समुद्री किनारों पर दहशत का माहौल बना हुआ है। यह किसी गुंडे या बदमाश से नहीं बल्कि खतरनाक मछलियों के चलते बना है। यहां तक कि घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए मनपा ने एंबुलेंस भी तैनात किया है। खासकर, जुहू बीच के पास डॉक्टरों की एक टीम भी एंबुलेंस के साथ तैनात है। जहरीली मछली जेली फिश और स्टिंग रे दोनों का आवागमन इन दिनों मुंबई के समुद्री किनारों पर बढ़ गया है। इन मछलियों के काटने से पर्यटकों की हालात खराब हो जा रही है। कुछ तो बेहोश तक हो जा रहे हैं तो कुछ को दर्द इतना कि बर्दाश्त करना मुश्किल हो जाता है। मनपा के अनुसार, ये



दोनों प्रजाति की मछलियां अब तक दर्जनों लोगों को शिकार बना चुकी हैं। मत्स्य विभाग ने इन दोनों मछलियों के संबंध में सूचना जारी कर लोगों से समुद्री किनारों पर पानी में न जाने की अपील की है। साथ ही मनपा से पीड़ितों के इलाज के लिए सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मत्स्य विभाग के अनुसार, मानसून में समुद्र किनारे पानी में जाने से लोग बचें और यदि किसी मछली ने काट लिया तो उसका तुरंत इलाज कराएं। मनपा के १०८ एंबुलेंस को संपर्क कर मदद पा सकते हैं।

अधिकारियों के अनुसार, अगस्त से अक्टूबर की अवधि के दौरान मुंबई तट पर 'ब्लू बटन जेली फिश' और 'स्टिंग रे' की अधिक प्रजातिया आती हैं। कुछ दिन पहले मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने जुहू चौपाटी का दौरा किया था। मत्स्य पालन विभाग ने नागरिकों को जेली फिश के काटने के मद्देनजर आवश्यक उपाय करने का अनुरोध किया है। लोगों को समुद्र में जाने से रोकते हुए आवश्यक सुरक्षा उपाय करने की पहल की है।

गणपति विसर्जन तक जेली फिश समुद्र में मौजूद रहती हैं। हर शनिवार और रविवार को लगभग २५ हजार पर्यटक जुहू बीच पर आते हैं।

# कल्याण/ नाबालिग युवक की पीट-पीट कर हत्या

**कल्याण** : कल्याण-पूर्व में अपराधियों का हौसला चरम पर पहुंच गया है। पूरे सूबे में अराजकता की स्थित बनी हुई है। रोज किसी न किसी घटना को अपराधियों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। कानून का भय अपराधियों के मन में अब नजर नहीं आ रहा है। कोलसेवाड़ी पुलिस थाने की सीमा में दो दिन पहले एक नाबालिग युवती की हत्या से नागरिक अभी उबरे भी नहीं थे कि एक नाबालिग युवक की पीट-पीट कर हत्या करने की घटना सामने आई है। हत्या के मामले में कोलसेवाड़ी पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है, जिसमें दो नाबालिग बताए जा रहे हैं। मृतक युवक के ऊपर भी कोलसेवाड़ी पुलिस थाने में कई मामले दर्ज हैं।

मिली जानकारी के अनुसार,




मृतक समीर लोखंडे (17) व उसके दोस्तों के साथ क्षेत्र के रहनेवाले लड़कों के साथ कुछ दिन पहले मार-पीट हुई थी। इस मार-पीट में समीर लोखंडे ने जितेश तिवारी नामक युवक की पिटाई कर दी थी, जिससे उसके सिर पर दो टांके भी लगे थे। इसी बात का गुस्सा तिवारी व उनके दोस्तों के मन में था। शुक्रवार शाम को समीर लोखंडे कल्याण-पूर्व आई वार्ड के पास अपने दो दोस्तों के साथ खड़ा था कि तिवारी के दोस्तों की नजर लोखंडे व उसके दोस्तों पर पड़ी। इन लोगों ने मिलकर समीर व उनके दोस्तों की पिटाई करने लगे। मौका देख कर समीर के दोस्त वहां से फरार हो गए, लेकिन समीर इन लोगों के चंगुल से नहीं बच पाया। इन लोगों ने समीर को कल्याण-पूर्व आई वार्ड के पीछे स्थित एक गार्डन में लेकर गए और वहां डंडे से जमकर पिटाई किए, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। जिसे उपचार के लिए मुंबई के सायन अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान समीर लोखंडे की मौत हो गई। पुलिस ने इस संदर्भ में मुकेश उर्फ विठ्ठल कान्या, नीरज दास सहित दो नाबालिग युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया। फिलहाल, कोलसेवाड़ी पुलिस अन्य हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : सोमवार 21 अगस्त 2023






# ऑटोरिक्शे द्वारा बीफ की तस्करी का पदार्फास



**भिवंडी :** भिवंडी में ऑटोरिक्शे द्वारा बीफ की तस्करी का पदार्फास हुआ है। स्थानीय शेलार गांव में बीफ लेकर जा रहे एक ऑटोरिक्शे को पकड़ कर स्थानीय लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन तस्करों पर केस दर्जकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पिछले नौ दिनों में तस्करों पर कार्रवाई की यह दूसरी घटना है।

पुलिस ने बताया कि वाडा रोड द्वारा ऑटोरिक्शे द्वारा बीफ ले जाने की जानकारी शुक्रवार की सुबह गौ रक्षण समिति के लोगों को मिली थी, जिसके आधार पर स्थानीय शेलार गांव के हनुमान मंदिर के पास समिति के लोगों ने आने-जाने वाले ऑटोरिक्शों की तलाशी में जुट गए। कुछ देर के बाद शहर की तरफ आ से रहे एम एच ०४ जे एच ९१९६ नंबर के ऑटोरिक्शे को रोककर उक्त लोगों ने जब उसकी तलाशी ली तो उसमें बीफ बरामद हुआ, जिसे जब्त करने के साथ ही समिति के लोगों ने बीफ लेकर जा रहे तीन लोगों को भी पकड़कर उन्हें तालुका पुलिस के हवाले कर दिया। भिवंडी तालुका पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रणवीर बायस ने बताया कि बीफ से भरे ऑटोरिक्शे को जब्त कर तीनों तस्करों के खिलाफ गोवंश संरक्षण तथा धार्मिक भावनाएं भड़काने के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है, जो भिवंडी शहर के रहने वाले हैं। पिछले नौ दिनों में शेलार में गौवंश व बीफ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की यह दूसरी घटना है। इससे पहले शेलार गांव के लोगों की सक्रियता के कारण ऑटोरिक्शे में ले जा रहे गौवंश को पकड़ा गया था, जिसके बाद इन्हें तस्करी करने वाले एक आरोपी को निजामपुर पुलिस ने पकड़ कर उसे तालुका पुलिस के सुपुर्द कर दिया था, जबकि अभी फरार दूसरे तस्कर की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है।

# मुंबई में इस बार कम बारिश से झीलें खाली, हो सकता है पानी का संकट...

## कमिश्नर ने की अपील... हिसाब से करें पानी खर्च

**मुंबई:** अगस्त में सामान्य से भी कम बारिश ने मुंबई में बीएमसी की चिंता बढ़ा दी है। बीएमसी कमिश्नर आई.एस. चहल ने मुंबईकरों से अपील की है कि लोग संभलकर पानी का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली प्रमुख झीलें अभी भी खाली हैं। 19 अगस्त की सुबह 6 बजे तक मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली सभी 7 झीलों में उनकी कुल क्षमता का 83.51 प्रतिशत जलभंडार था। हालांकि, 9 अगस्त को पानी की कटौती रद्द करते वक्त चहल ने कहा था कि जुलाई में अच्छी बारिश हुई है। यही स्थिति अगस्त और सितंबर 2023 में भी रहने की उम्मीद है। कटौती रद्द करते वक्त झीलों में करीब 81 प्रतिशत पानी था। चहल ने कहा कि मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली कोई भी प्रमुख झील वर्तमान में ओवरफ्लो नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर पानी आपूर्ति



करने वाली झीलों के ओवरफ्लो होने की खबरें प्रसारित की जा रही हैं। यह बेबुनियाद है। प्रमुख झीलों में से सबसे बड़ी अपर वैतरणा झील में इसकी कुल भंडारण क्षमता का 71.09 प्रतिशत पानी का स्टॉक था, जबकि भातसा झील में कुल क्षमता का 78.16 प्रतिशत पानी था। बता दें कि मुंबई को अपर वैतरणा, मोडक सागर, मध्य वैतरना, तानसा, भातसा, तुलसी और विहार झील से प्रतिदिन 3850 एमएलडी पानी की आपूर्ति होती है। 1 अक्टूबर को सातों झीलों में 14,47,363 एमएलडी पानी का स्टॉक रहने पर ही बीएमसी मुंबई को बिना कटौती के अगले मॉनसून तक पानी आपूर्ति कर सकती है।

**तकनीकी कारणों से खोलने पड़े गेट**

मॉनसून के दौरान इस सप्ताह 'हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे जलाशय' यानी मध्य वैतरणा झील के 2 गेट खोले गए। इससे छोड़ा गया पानी उसी के निचले हिस्से में मोडक सागर झील में जमा होता था। कुछ तकनीकी और सुरक्षा संबंधी कारणों के चलते तालाबों के पूरी तरह न भरने पर भी उनके गेट खोलने पड़ते हैं। अधिकारियों ने बताया कि गेट खोलने का यह मतलब नहीं है कि झील ओवरफ्लो हुई है। जुलाई की तुलना में अगस्त में काफी कम बारिश हुई है। बीएमसी हाईड्रॉलिक डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई की विहार झील 100 प्रतिशत और तुलसी झील 99 प्रतिशत भरी हुई हैं, जबकि इन झीलों से बहुत कम पानी की आपूर्ति होती है।

**मुंबई की झीलों में पानी का स्टॉक :**

अपर वैतरणा : 161400 एमएलडी - 71.09 प्रतिशत
- मोडक सागर : 123313 एमएलडी - 95.65 प्रतिशत
- तानसा - 142004 एमएलडी - 97.88 प्रतिशत
- मध्य वैतरणा - 185811 एमएलडी - 96.01 प्रतिशत
- भातसा - 560462 एमएलडी - 78.16 प्रतिशत
- विहार - 27698 एमएलडी - 100 प्रतिशत

# डोर-टू-डोर अभियान... मलेरिया के १,५७८ और डेंगू लार्वा से प्रभावित १०,६५९ स्थानों की खोज

**मुंबई :** बीमारी फैलानेवाले मच्छरों की उत्पत्ति से पहले ही उन्हें यमलोक पहुंचाने का काम मनपा कर रही है। इसके तहत मच्छरों के प्रजनन स्थलों को ही खत्म करने का बीड़ा उठाते हुए मनपा प्रशासन की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर में जिन क्षेत्रों में बारिश का पानी जमा हो रहा है, उनकी खोज कर मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा रहा है। मनपा की टीमों ने बीते दो सप्ताह में व्यापक तरीके से डोर-टू-डोर अभियान चलाकर मलेरिया के १,५७८ और डेंगू लार्वा से प्रभावित १०,६५९ स्थानों की खोज की है। दूसरी तरफ जनवरी से जून तक ७,६९३ निवासी और वाणिज्यिक परिसरों को नोटिस जारी किए गए। इतना ही नहीं मच्छरों के प्रजनन को रोकने में विफल




रहनेवालों के खिलाफ कोर्ट में २६२ मामले दायर किए गए हैं। इस कानूनी कार्रवाई के परिणामस्वरूप ६.४१ लाख का जुर्माना भी लगाया गया है।

उल्लेखनीय है कि मनपा का कीटनाशक विभाग निवारक उपाय के तौर पर हर साल मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर उन्हें नष्ट करता है। हालांकि, मुंबई शहर के कुछ क्षेत्र बहुत ही संकरे हैं, जहां निवारक उपाय करने में अड़चन पैदा होती है। इनमें वर्ली, लोअर परेल और महालक्ष्मी जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। ऐसे में मनपा इन क्षेत्रों में कीटाणु नाशक छिड़काव के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करती है। मुंबई में जुलाई में पर्याप्त बारिश हुई, लेकिन अगस्त में बरसात सुस्त पड़ गई है। एक सप्ताह से अधिक समय तक पानी जमा रहने पर मच्छर पनपने लगते हैं। इसलिए मनपा के कीटनाशक विभाग ने शहर भर में घर-घर निरीक्षण की पहल शुरू की है। विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, १ से १३ अगस्त तक उन्होंने मलेरिया बीमारी के लिए जिम्मेदार एनोफिलिस मच्छरों के लिए १३,२२० घरों और ३५,४३५ प्रजनन स्रोतों की जांच की। इसी तरह डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छरों के मामले में इसी अवधि के दौरान ७,४१,५१९ घरों और ७,९१,७५० कंटेनरों का निरीक्षण किया गया।

# चिटफंड स्कीम के माध्यम से निवेश करने के नाम पर लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपए का घोटाला

**नई मुंबई :** सीबीडी पुलिस द्वारा चिटफंड स्कीम के माध्यम से निवेश करने के नाम पर लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपए का घोटाला किए जाने के मामले में २५ एजेंटों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सीबीडी पुलिस के मुताबिक, इस चिटफंड स्कीम में ५ करोड़ ४७ लाख ४६,४०० रुपए गबन करने के आरोप में २५ दलालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस को आशंका है कि अभी इस मामले में और भी कई लोग सामने आ सकते हैं तथा चिटफंड के नाम पर सैकड़ों करोड़ का गबन किए जाने की उम्मीद भी जताई जा रही है। बेलापुर सेक्टर-१५ स्थित तुलसी टॉवर में तीसरे मंजिल पर ३०५ ऑफिस में चिटफंड स्कीम के जरिए लोगों को प्रलोभन दिया गया कि ३२ हजार रुपए निवेश करने पर ४० दिन बाद ५० हजार




रुपए रिटर्न दिया जाएगा। इस तरह की लालच में आकर कई लोगों ने कार्यालय में जाकर निवेश करने से पहले बातचीत किया तो निवेशकों को दलालों पर यकीन हो गया और पैसे जमा करना शुरू कर दिया। उरण में रहने वाले नीरज श्यामकांत दरणे के गांव में रहने वाले उनके नजदीकी दोस्त एकनाथ भोईर का सतीश विष्णु गावंड से पहचान थी और उन्होंने चिटफंड स्कीम की जानकारी देते हुए बताया कि ३२ हजार निवेश करने पर ४० दिन बाद ५० हजार रुपए रिफंड दिया जाएगा। इस तरह की लालच में आकर बेलापुर स्थित कार्यालय में गए तो वहां पर सुजीत मनोहर म्हात्रे और नितेश धर्मा पाटील से मुलाकात हुई। इन लोगों से पूछताछ की गई तो वहां मौजूद दलालों ने अपने जाल में ऐसा फंसाया कि कई मछलियां इस जाल में फंस गई। इस तरह से हजारों की तादात में लोगों ने साढ़े पांच करोड़ रुपए से ज्यादा निवेश कर दिया, लेकिन जब उनका पैसा रिटर्न नहीं हुआ तो निवेशकों को आशंका होने लगी, इसलिए पुलिस स्टेशन पहुंच गए। अभी भी यह उम्मीद जताई जा रही है कि निवेशकों की संख्या बढ़ सकती है।




# सजा काटकर निकले आतंकियों पर विशेष रूप से नजर



**मुंबई :** महाराष्ट्र मॉड्यूल मामले में पुणे से गिरफ्तार आइसिस आतंकी मामले में जांच कर रही एनआईए ने प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) और इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के साथ काम कर चुके आतंकी अब आइसिस के साथ हाथ मिलाए जाने का खुलासा किया था। इस खुलासे के बाद सिमी के सदस्य रह चुके भिवंडी से गिरफ्तार नाचन के घर पर छापेमारी कर कई कागजात बरामद किए थे। अब एनआईए ने सिमी या इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी जो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार थे और सजा काटकर निकले हैं, ऐसे लोगों की सूची बनानी शुरू कर दी है। इन आतंकियों पर विशेष रूप से नजर रखी जा रही है, क्योंकि एक बार फिर सिमी की ओर से इंडियन मुजाहिदीन को आइसिस की तरफ से जिंदा करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए विदेशों से फंड भेजे जाने का खुलासा गिरफ्तार आतंकियों के बैंक अकाउंट से हुआ है। बता दें कि पुणे के कोथरूड में पेट्रोलिंग के दौरान दो लोगों को संदेह के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जांच में खुलासा हुआ था कि ये दोनों मोटरसाइकिल चोरी कर रहे हैं। आगे जांच में यह सामने आया है कि दोनों इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) की शाखा सुफा के लिए काम कर रहे थे और एनआईए के एक केस में वांटेड थे। पुणे से गिरफ्तार आरोपी शाहनवाज आलम अब तक की आतंकी योजना में मास्टरमाइंड रहा है। इसका खुलासा होते ही एटीएस के हवाले दोनों को कर दिया गया।

# मुंबई को जलापूर्ति करनेवाले सभी सातों जलाशयों में जल भंडारण ८३ फीसदी

**मुंबई :** मुंबई में हर साल अच्छी बारिश होती है, लेकिन इस बार अगस्त महीने में इंद्र देव कुपित दिखाई दे रहे हैं। एक तरह से यह कहना गलत नहीं होगा कि मानसून ने मुंबई से मुंह मोड़ लिया है। ऐसे में मुंबईकरों का अच्छी बारिश के लिए इंतजार और लंबा होने की उम्मीद है। फिलहाल, मुंबई में अब तक सालाना औसतन ७३ फीसदी बारिश हो चुकी है, वहीं जलाशय क्षेत्रों में भी बारिश का ब्रेक लग गया है। इसलिए मुंबई को जलापूर्ति करनेवाले सभी सातों जलाशयों में जल भंडारण ८३ फीसदी पर स्थिर हो गया है।

उल्लेखनीय है कि महानगर में मानसून ने जून महीने के आखरी सप्ताह में दस्तक दी थी और फिर जो बारिश हुई, उसने कुछ रिकॉर्ड भी स्थापित किए। महज दो महीने में उपनगर में



२,००० मिमी से अधिक और शहर में १,५०० मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई, लेकिन अगस्त आते ही बारिश पर अस्थाई ब्रेक लग गया है। पिछले १३ दिनों में नाममात्र की बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, उपनगर में ३० मिमी और शहर में २८ मिमी बारिश ही दर्ज की गई है। बारिश के उक्त आंकड़े दशार्ते हैं कि मानसूनी गतिविधि बेहद कम हो गई है।

मुंबई में बारिश न होने के कारण अधिकतम तापमान ३० डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना हुआ है। शनिवार को मुंबई का अधिकतम तापमान ३१.८ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तपामन २६ डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। मुंबई समेत राज्य के कई जिलों में आगामी एक सप्ताह तक अच्छी बारिश के कोई आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में अगर हुई तो हल्की बारिश ही होगी। इस साल भले ही अच्छी बारिश हुई है, लेकिन जलाशय क्षेत्रों में अन्य वर्षों की तुलना में बरसात और जल भंडारण भी कम हुआ है। बताया गया है कि जल भंडारण में अभी भी १५ से १७ फीसदी की कमी है।

वर्तमान में सभी सात जलाशयों में १२ लाख ८ हजार ६२४ मिलियन लीटर यानी ८३.५१ फीसदी पानी जमा हो चुका है। इसके चलते फिलहाल मुंबई में लागू की गई १० फीसदी जलापूर्ति कटौती रद्द कर दी गई है। हालांकि, मनपा प्रशासन इस बात पर ध्यान दे रहा है कि जलाशयों में पानी का भंडारण बढ़ रहा है या नहीं। जल अभियंता विभाग भी जलाशय के जलस्तर पर नजर रख रहा है, ताकि डेढ़ से दो माह की बारिश शेष रहने के बावजूद भी जलाशय में पानी की कमी न होने पाए।

# विधान परिषद विरोधी दल नेता अंबादास दानवे ने भाजपा और फडणवीस पर साधा निशाना

**मुंबई :** राज्य का नेतृत्व करनेवाले व्यक्ति को आज गद्दारी करनेवाले व्यक्ति के कंधे से कंधा मिलाकर काम करना पड़ रहा है। देवेंद्र फडणवीस जिस अजीत पवार के खिलाफ सत्तर हजार करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के सबूतों से भरी बैलगाड़ी लानेवाले थे। जेल में डालने की धमकियां दे रहे थे, आज उन्हीं अजीत दादा को कंधों पर बिठाकर चल रहे हैं, ऐसे शब्दों में विधान परिषद विरोधी दल नेता अंबादास दानवे ने भाजपा और फडणवीस पर निशाना साधा है।

लोकसभा चुनाव के लिए चाहे कितना भी जोर लगा लें, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना ही जीतेगी, ऐसा विश्वास विधानसभा प्रतिपक्ष के



नेता अंबादास दानवे ने व्यक्त किया है। शिंदे गुट लड़े या भाजपा लड़े, हमें इसकी कोई परवाह नहीं है। वे उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के आगे दफन हो जाएंगे, ऐसा कहते हुए दानवे ने शिंदे गुट पर निशाना साधा। इस अवसर पर दानवे ने केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री भागवत कराड पर भी तंज कसा। डॉ. भागवत कराड एक अच्छे इंसान हैं, लेकिन वे नेता नहीं हैं। वे अच्छे डॉक्टर, अच्छे बाल रोग विशेषज्ञ हैं। परंतु नेतृत्व नहीं कर सकते हैं, ऐसे शब्दों में उन्होंने कराड पर तंज कसा। अंबादास दानवे ने आगे कहा कि शिंदे गुट में विधायकों की अयोग्यता के मामले में कार्रवाई के नाम पर अभी तक कुछ नहीं हुआ, इस तरफ जनता का ध्यान लगा हुआ है। आनेवाले चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी, ऐसा भी उन्होंने कहा। पुलिस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि अगर पुलिस सरकार की 'गुलाम' और नौकर हो जाए तो आम जनता सही समय पर न्याय करेगी।

# जालसाजों की तलाश में पुलिस

**अंबरनाथ :** अंबरनाथ के सात लोगों को टाटा अस्पताल में नौकरी लगाने के नाम पर दो आरोपियों द्वारा लाखों रुपए लिया गया। इन दोनों जालसाजों की तलाश में अंबरनाथ पुलिस लगी हुई है। अंबरनाथ के जूना भेंडीपाड़ा के कपड़ा व्यवसाई तौफीक अहमद अंसारी (३१) ने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाया है कि एक आरोपी अंबरनाथ-पूर्व के स'दरी सोसायटी, नवरें नगर तथा दूसरा टोपीवाला बिल्डिंग, परेल मुंबई में रहता था। दोनों ने टाटा अस्पताल में नौकरी लगाने के लिए तौफीक के अलावा अन्य ६ लोगों से १२




अगस्त २०२१ को संतोष गुप्ता की भेल की दुकान पर बैठ कर १० लाख ५० हजार रुपए लिया। २०२१ से लेकर अब तक आज-कल नौकरी पर रखवाने का झांसा देता रहा। आखिर में परेशान होकर सातों ने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया। इस पर दोनों की तलाश अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के पुलिस उपनिरीक्षक आर.एच. गावड़े कर रहे हैं।

# पांच उत्तर भारतीय मजदूरों पर हुए जहर कांड का मामला संदेहास्पद

**मुंबई :** मुंबई के उपनगर अंधेरी में १५ अगस्त के दिन हुए पांच उत्तर भारतीय मजदूरों पर हुए जहर कांड का मामला संदेहास्पद होता जा रहा है। जहर १५ अगस्त के दिन अवैध रूप से लाकर पी गई शराब में था या खाने में किसी ने मिलाया था या खुद खाने में जहर गिर गया? मामला अंधेरी के एमआईडीसी पुलिस थाने से जुड़ा हुआ है, जहां इस मामले की जांच चल रही है। इन पांच उत्तर भारतीय मजदूरों में एक की मौत हो चुकी है और दो की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि दो की हालत स्थिर है। जहर से हुई दुर्गति को संदेहास्पद इसलिए भी माना जा रहा है कि जहर से पीड़ित इन मजदूरों के रिश्तेदारों को उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है, जबकि सादी वर्दी में पुलिस के कुछ जवान जोगेश्वरी ट्रॉमा अस्पताल के बाहर खड़े उनके रिश्तेदारों को धमका रहे हैं कि इस बात का जिक्र किसी भी पत्रकार से करने



पर सजा भुगतोगे।

मिली जानकारी के मुताबिक, अंधेरी (पूर्व) पंप हाउस में एक घर में ५ मजदूर रहते हुए अपनी रोजी-रोटी हेतु ये लोग मजदूरी का काम करते थे। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, १५ अगस्त को जब शराब की सभी दुकानें बंद रहती हैं तब इन लोगों ने शराब लाकर पी और खाना खाया। १६ तारीख को जब इनके घरवालों ने इन्हें कॉल किया तो इनका फोन किसी ने नहीं उठाया। इनके गांव के एक युवक ने आकर देखा तो पांचों मजदूर दीपक यादव, सरवन यादव, किसन कुमार यादव, गोविंद यादव और रामबाबू यादव बेहोशी की हालात में पाए गए। इन्हें जोगेश्वरी के हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ट्रॉमा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रामबाबू यादव को मृत घोषित कर दिया और चार लोगों में से दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मामले की गंभीरता को न समझते हुए पुलिस अपना दामन बचा रही है। जांच का विषय यह है कि इन लोगों ने अगर शराब पी थी तो १५ अगस्त के दिन शराब आई कहां से? अगर खाने में जहर था तो जहर किसने मिलाया?




# हमारा साबुन इकोफ्रेंडली: दागियों की भाजपा में एंट्री पर नितिन गडकरी ने ली चुटकी

**नई दिल्ली।** दागी नेताओं के भाजपा में शामिल होने या भाजपा से हाथ मिलाने को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा का साबुन इकोफ्रेंडली है। नितिन गडकरी एक कार्यक्रम में सवालों का जवाब दे रहे थे। इस दौरान उसने पूछा गया था कि दागी नेताओं के भाजपा में शामिल होने पर विपक्ष कह रहा है कि जो भी उधर जाता है धुल जाता है। गडकरी ने कहा कि हमारा साबुन इकोफ्रेंडली है। राजनीति में लोग इधर-उधर आते-जाते रहते हैं।

## जो जीतता है वही सिकंदर

गडकरी ने कहा कि राजनीति में यह सब



बातें होती रहती हैं। लोग एक दल से दूसरे दल में आते-जाते रहते हैं। नितिन गडकरी आज तक के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने पुराने उदाहरण गिनाते हुए कहा कि आप जनता पार्टी से देख लो, उससे पहले का देख लो, 47 के बाद देखो। यह चलता रहता है। गडकरी ने कहा कि पॉलिटिक्स इज द गेम ऑफ कंपोजीशन, लिमिटेशन एंड कंट्राडिक्शन।

### विपक्ष के निशाने पर भाजपा

गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों में विभिन्न दलों के बड़े-बड़े नेता भाजपा में शामिल हुए हैं या फिर भाजपा से हाथ मिलाया है। इसको लेकर भाजपा विपक्ष के निशाने पर रहा है। विपक्ष के मुताबिक भाजपा वैसे तो विरोधी दलों के नेताओं पर करप्शन का आरोप लगाती है। लेकिन जैसे ही वह नेता इनके दल में शामिल होता है या फिर इनसे हाथ मिलाता है, पाक-साफ हो जाता है। विपक्ष का कहना है कि भाजपा के पास वॉशिंग मशीन है।

# गुजरात में 9 दिन में 1400 करोड़ का स्कैम

## कांग्रेस ने दानी डाटा ऐप पर सवाल उठाए, पूछा- चीनी नागरिक घोटाला कर गया, सरकार ने क्या किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुजरात में फुटबॉल बेटिंग ऐप से 1400 करोड़ रुपए के स्कैम मामले पर भाजपा सरकार से जवाब मांगा है। विपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के राज्य में चीनी घुसपैठ हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं उनकी जानकारी के बिना देश में कुछ भी नहीं



होता है। या तो पीएम को पता नहीं था कि क्या हो रहा है या फिर उन्होंने सब कुछ जानते हुए भी अपनी आंखें और कान बंद कर लिए। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस ऐप का मास्टरमाइंड चीन के शेन्जेन का रहने वाला वू उयानबे है। वह 2020 से 2022 के बीच भारत में था। गुजरात के पाटन और बनासकांठा जिलों में रहने के दौरान उसने अपने साथियों के साथ मिलकर दानी डाटा नाम से सट्टेबाजी ऐप लॉन्च किया था।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शिलाफलकम् का लोकार्पण तिरंगा हाथ में लेकर बनाई मानव श्रृंखला, वीरों का सम्मान किया

## नगर पालिका ने 16 से 18 अगस्त तक चलाया अभियान, बाइक, साइकिल रैली का निकाली।

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान 16 से 18 अगस्त के बीच मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत आखिरी दिन 18 अगस्त को शिलाफलकम् (स्मारक) का लोकार्पण किया गया। नए बस स्टैंड के सामने आयोजित कार्यक्रम में वीर पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान का आयोजन किया गया। इसके तहत अभियान के पहले दिन 16 अगस्त को पाथाखेड़ा के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम से बाइक रैली का आयोजन किया गया। इसका समापन एक्यूप्रेशर पार्क में हुआ। दूसरे दिन गुरूवार 17 अगस्त को शासकीय कन्या उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय सारनी से तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

रैली का समापन नगर पालिका कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम के साथ हुआ। आखिरी दिन यानी शुक्रवार 18 अगस्त को शॉपिंग सेंटर, बस स्टैंड मुख्य मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला, पुरुषों और बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाई। कार्यक्रम की शुरूआत नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह, पार्षद भीम बहादुर थापा, मीना ददन सिंह, पिंटिश नागले, हरिता शांति पाल, गणेश महस्की, प्रवीण सोनी, योगेश बर्डे, संगीता मनीष धोटे, सरिता मनोज वागद्रे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम, महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी संगीता धुर्वे, रश्मि अकोदिया, भाजपा के मंडल अध्यक्ष नागेंद्र निगम, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सुधा चंद्रा, पूर्व सैनिक मुन्नालाल कापसे, धीरज सोनी, रूपलाल उइके, मनोहर बिसंद्रे, धनराज बिसदे, दिलीप यादव, सूरजलाल काकोड़िया ने किया।

सर्वप्रथम उपस्थित जनों को पंचप्रण की शपथ अध्यक्ष किशोर बरदे ने दिलाई। मुख्य मार्ग पर महिला, पुरुषों और बच्चों ने मानव श्रृंखला तैयार की। शहीदों की याद में बनी शिलाफलकम् (स्मारक) का लोकार्पण अतिथियों ने किया।

# दिग्विजयसिंह ने की नंगे पांव बरखेड़ी देव की यात्रा..!

**बेरसिया।भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की धार्मिक निष्ठा देखिए, उन्होंने बेरसिया के बरखेड़ी देव स्थित देवनारायण तीर्थ क्षेत्र की परिक्रमा पैदल नंगे पांव की। रास्ता बहुत सकरा व इतना पथरीला था कि जूते पहने हुए लोगों को भी पत्थर गड़ रहे थे। बहुत लोगों ने उन्हें जूते पहनने की सलाह



भी दी थी लेकिन सनातन धर्म व गुरु परंपरा पर अगाध श्रद्धा ने उनके निश्चय को टस से मस नहीं किया। उन्होंने पूरी 18 किमी की परिक्रमा नंगे पैर ही की। परिक्रमा के रास्ते में अलोपनाथ जी की गुफा जो ऊंची पहाड़ी पर थी जिसमें करीब 400 से 500 खड़ी सीढ़ियां थीं जहां आम परिक्रमा वासी भी नही जाता है उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ सारी सीढ़ियां चढ़ी। उसके बाद गुफा के पास करीब 20 फीट खड़ी चढ़ाई जहां सीढ़ियां नही थी वहां रस्सी का सहारा लेकर उतनी दूरी तय की और अलोपनाथ जी की गुफा में शिवलिंग के दर्शन किए। श्री सिंह सही मायने में सच्चे सनातनी हैं। वे धर्म परायण भी हैं और अच्छे इंसान भी। उनकी छवि यदि कोई बिगाड़ता है तो वो है राजनैतिक चश्मा। जो बीजेपी आसानी से जनता की आंखों में पहनाने का अक्सर प्रयास करती रहती है। लेकिन दिग्विजय सिंह का सनातन धर्म को पालन करने वाला सच उनकी धार्मिक पद यात्राओं द्वारा चिल्ला चिल्ला के गवाही देता है कि दिग्विजय सिंह जैसा सनातनी हिंदू राजनेता कोई दूसरा हो ही नही सकता।

# सीएम राइस स्कूल में मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत पौधारोपण सम्पन्न

**उमरिया।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा ग्राम पंचायत बनौदा में स्थित सीएम राइस स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत सीएम राइस विद्यालय प्राचार्य अरनोद कुमार शुक्ला, मैथिलीशरण पांडे, वीरेंद्र गर्ग की उपस्थिति में विद्यालय परिसर के सुरक्षित स्थान में पौधारोपण किया गया।

सीएम राइस विद्यालय प्राचार्य अरनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान



करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि हिमांशु तिवारी व उनकी युवा टीम सराहनीय कार्य कर रही है। प्राचार्य ने लोगों का आवाहन किया वे अपने आसपास व अपने गांवों ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने वसुधा का संवर्धन तथा वीरों का अभिनंदन के माध्यम से समाज में हरीतिमा, जल संरक्षण, जैव विविधता को प्रोत्साहन आदि करने की ओर प्रेरित किया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान आंवला, गुलमोहर, नीम, आम आदि फलदार पौधों का रोपण कर अमृत वाटिका का निर्माण किया गया। पौधारोपण के बाद उपस्थित सभी लोगों को पंच गढ़ की शपथ भी दिलाई गई। चंदन है इस देश की माटी देश भक्ति गीत का गान करवाया गया।इस दौरान हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,अंकित गौतम, विद्यालय विद्यार्थी अतुल गौतम पुष्पराज सिंह मुक्ता द्विवेदी कल्पना सिंह उपस्थित रहे।

# संयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ

**उमरिया।** संयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ जिला इकाई उमरिया के तत्वाधान में 16 अगस्त 2023 से कलेक्ट्रेट के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी गई है और समिति के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र द्विवेदी का कहना है कि 21 अगस्त 2023 तक शासन को हमारी न्यायोचित मांगों के लिए महापंचायत आयोजन की घोषणा हेतु कलमबंद हड़ताल के आयोजन की रूपरेखा तय की गई है। जिन मांगों को लेकर हड़ताल प्रारंभ किया गया है उनमें प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न वितरण, समितियों/संस्थाओं से खाद वितरण, केसीसी वितरण आदि समस्त कार्यों को पूर्ण रूप से बंद कर संस्थाओं पर तालाबंदी करनी है। इस हेतु जिला कलेक्टर को पूर्व में ज्ञापन प्रस्तुत



किया जा चुका है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा 21 अगस्त 2023 तक हमारी मांगो के संबंध में कोई विचार नहीं किया जाता हैं तो मध्य प्रदेश के समस्त सहकारी संस्थाओं के कर्मचारी बंधुओ को 22 अगस्त 2023 को भोपाल में धरना प्रदर्शन किया जाएगा जो सहकारिता इतिहास में संघर्ष के लिए याद किया जाएगा। अनिश्चितकालीन हड़ताल के प्रथम दिन महासंघ के जिला अध्यक्ष मनजीत चतुर्वेदी ,सुरेंद्र कुमार द्विवेदी, महासचिव सुरेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राकेश नापित, श्रीकांत तिवारी ,गीता प्रसाद गौतम, विनोद मिश्रा, सत्येंद्र कुमार तिवारी, संतोष बर्मन ,राम दिनेश झरिया, दिलदार सिंह, अमरनाथ सिंह, अनिरुद्ध द्विवेदी ,केशव प्रसाद, अभिषेक कुमार पटेल, उषा सिंह राठौड़, कृष्णा सिंह ,सत्येंद्र कुमार चतुर्वेदी ,सुखनंदन पटेल, मनोज कुमार द्विवेदी, उमाकांत तिवारी , सहित महासंघ के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

# 22 घण्टे बाद उठा इंसानी शव, पार्क अधिकारियों को कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश

**उमरिया।** टाइगर हमले से इंसानी मौत मामले में किसी तरह नाराज ग्रामीणों ने मंत्री मीना सिंह,कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की समझाइश के बाद घटना स्थल से करीब 22 घण्टे बाद युवक के शव को अंतिम संस्कार करने घटना स्थल से उठाने राजी हो गए है।बताया जाता है कि कलेक्टर ने इस दौरान पार्क अधिकारियों को तत्काल फेंसिंग लगाने एवम उक्त टाइगर को तुरंत रिहायशी क्षेत्र से पृथक करने निर्देशित किया है,जिसके बाद पार्क अमला हाथी आदि की मदद से टाइगर को ट्रेस कर रहा है,और जल्द ही टाइगर को रेस्क्यू कर दूसरे वन क्षेत्र में हांक दिया जायेगा।

विदित हो कि करीब दो हफ्ते पहले भी टाइगर किल से एक इंसानी मौत हुई थी,जिसके बाद पार्क अधिकारियों ने हाथी आदि की मदद से टाइगर को दूसरे वन क्षेत्र में भेज दिया था,परन्तु पुनः टाइगर हमले में दो हफ्ते के अंदर दूसरी



इंसानी मौत हो गई है,जिससे ग्रामीणों में जमकर आक्रोश देखने को मिला,शायद इन्ही कारणों से कई घण्टे तक पार्क अमला घटना स्थल से दूरियां बनाये रखा,हालांकि आखिर में मंत्री मीना सिंह,कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के साथ उप वनमण्डलाधिकारी लवित भारती पहुंचे,और ग्रामीणों को ज़रूरी समझाइश दी है।विदित हो कि मानपुर परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मच्छखेता के ददरी हार में गुरुवार की शाम 5 बजे चरवाहे युवक राजबहोर पिता शिवभजन सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी मछखेता की टाइगर हमले में दर्दनाक मौत हो गई थी,इस घटना से पूरा गांव शोकग्रस्त होने के साथ नाराज था,और घटना स्थल से शव को उठाने से मना कर दिया था।

उनकी मांग थी कि पार्क अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना सम्बंध में जवाब दे।विदित हो कि अभी हाल के कुछ माह में गांव से सटे कुम्हई और रामपुर के करीब दो और घटनाएं घटित हुई है,जिसमे इंसानी मौतें हुई है।इसके अलावा मछखेता से करीब 7 किमी दूर दमना में भी बीते साल टाइगर हमले से दो इंसानी मौतें हुई है।ज़रूरी है कि जिन क्षेत्रों में टाइगर गांव के अंदर घुसकर शिकार करने लगे,उन क्षेत्रों में पार्क अमले को गम्भीरता बरतनी चाहिए।ग्राम मछखेता में भी घटनाओं से पूर्व टाइगर ने मवेशियों को गांव में घुसकर किल किया था,जिसके बाद से ही ग्रामीण दशहत में थे।

# कोटा विधानसभा सीट के अभेद् किले में भाजपा को फतह दिला सकते हैं संतोष



**गौरेला।** विधानसभा चुनाव नजदीक आ चुका है चुनाव के तारीखों की उल्टी गिनती प्रारंभ हो चुकी है भारतीय जनता पार्टी ने अपने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी कर दी है इनमें उन सीटों की प्रत्याशियों की घोषणा पहले की गई है जिनमें भाजपा को पिछले कई चुनावों से हार का मुंह देखना पड़ रहा है और इनमें भाजपा अपनी प्लानिंग करके चुनाव जीत सकती है ऐसी ही एक विधानसभा सीट मध्य प्रदेश की सीमा से लगी हुई कोटा विधानसभा भी है जिसमें भारतीय जनता पार्टी को अब तक फतह मिलने में परेशानी आ रही है। इस सीट में भारतीय जनता पार्टी ने कभी भी विधानसभा चुनाव नहीं जीता है 1952 से लेकर कोटा विधानसभा सीट पर 14 बार विधानसभा चुनाव हो चुके हैं काशीराम तिवारी यहां पहले विधायक चुने गए थे जबकि उनके बाद मथुरा प्रसाद दुबे 4 बार और राजेंद्र शुक्ला 5 बार विधायक निर्वाचित हुए। राजेंद्र शुक्ल के देहांत के बाद 2006 में हुए उपचुनाव में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी की पत्नी रेणुका जोगी कांग्रेस पार्टी से चुनाव जीती थी तब से लगातार 2018 को छोड़कर कांग्रेस पार्टी से जीतती आई हैं जबकि 2018 में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस पार्टी से चुनाव जीत कर अभी वर्तमान में विधायक हैं। विधानसभा चुनाव की तासीर देखा जाए तो रेणुका जोगी को अगर छोड़ दें तो ज्यादातर यहां से ब्राह्मण प्रत्याशी ही चुनाव जीत के आए हैं। ब्राह्मण प्रभुत्व कहलाया जाने वाला यह विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी यदि ब्राह्मण को अपना प्रत्याशी बनाती है तो उन्हें पहली बार यहां से जीत मिलती हुई दिख रही है। यहां के आंकड़े की बात करें तो कोटा विधानसभा में ब्लाकों की संख्या 3 है उसके अलावा चार नगर पंचायत जिसमें रतनपुर भी शामिल है जो की धार्मिक आस्था के लिए जाना जाता है कोटा विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत की संख्या 111 है। 2018 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस पार्टी से रेणु जोगी काफी कम अंतर से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी से जीत पाई थी।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक गंज बासौदा जनपद में संपन्न हुई

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने बैठक की शुरुआत करते हुए एजेंडा अनुसार विद्युत विभाग के अंतर्गत आरडी एस एस योजना के अंतर्गत महा प्रबंधक सुनील खरे ने जानकारी दी जिसमें 21 फरवरी 2025 तक पांचो विधानसभाओं में गांवों एवं शहरों में विद्युत केबल का नवीनीकरण किया जाएगा तथा कई जगह सब स्टेशनों पर बड़े ट्रांसफार्मर रखे जाएंगे साथ ही गांवों एवं कस्बों में ओवर लोडेड ट्रांसफार्मरों को अपग्रेड किया जाएगा। स्कूलों में गणवेश वितरण में जनप्रतिनिधियों को ना बुलाए जाने पर सभी सदस्यों ने नाराज की व्यक्त की जिला पंचायत एवं जनपद सदस्यों की निधि से स्वीकृत कार्यों का विधायकों द्वारा भूमि पूजन करने पर संबंधित जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों को आमंत्रित नहीं करने पर भी सदस्यों द्वारा आपत्ति प्रकट की गई।



# ई-दक्ष केन्द्र में स्कूल शिक्षा विभाग के विकासखंड चौरई के 40 शिक्षकों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिये दिया गया प्रशिक्षण

**छिन्दवाड़ा।** नवागत कलेक्टर मनोज पुष्प के मार्ग निर्देशन में आज ई-दक्ष केन्द्र छिंदवाड़ा में स्कूल शिक्षा विभाग के विकासखंड चौरई के 40 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदाय किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशिक्षक अनिल जैन और प्रशिक्षक अनुराग नेमा द्वारा साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूकता और सतर्कता रखने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया । साइबर फ्रॉड से बचने की दृष्टि से शिक्षकों में इस प्रशिक्षण के प्रति अत्यंत उत्साह देखा जा रहा है और वे बड़ी संख्या में ई-दक्ष केन्द्र पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को डेबिट/क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, बैंक अकाउंट फ्रॉड, व्हाट्सएप, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया से होने वाले व्यक्तिगत/सामाजिक/आर्थिक नुकसान, सिम क्लोनिंग, 4जी से 5जी संबंधी फ्रॉड, मोबाइल हैकिंग, ऑनलाइन ऐप से लोन से संबंधित सतर्कता, ऑनलाइन गेम्स से अपने अकाउंट को सुरक्षित रखने, स्मार्ट डिवाइस के अनाधिकृत उपयोग से बचने की सूक्ष्म जानकारी प्रदान की गई। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन जिला ई-दक्ष केंद्र में 3 घंटे की अल्प अवधि में दिया जा रहा है। विस्तृत जानकारी के लिये वरिष्ठ प्रशिक्षक अनिल जैन से उनके मोबाईल नंबर-9685433011 या प्रशिक्षक अनुराग नेमा से उनके मोबाईल नंबर-9893212022 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रो की बैठक संपन्न, दिये गए दिशा निर्देश

**छिन्दवाड़ा।**

चौरई। जनपद पंचायत सभागार चौरई में अटल बिहारी वाजपेई सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान द्वारा चयनित मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र की बैठक का आयोजन किया गया। चयनित मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों का परिचय प्राप्त किया गया।वहीं उन्हें कार्य के लिए ग्राम पंचायत का आवंटन भी किया गया।एवं आई कार्ड वितरित किए गए। शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं ग्राम पंचायत के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने साथ ही अंतिम छोर तक के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने मैं सहयोग करने का कार्य मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों के द्वारा किया जाएगा। प्रथम बैच के मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों के द्वारा 6 माह में ग्राम पंचायत में किए गए कार्यों का अनुभव भी साझा किए गए। आज से प्रारंभ किए जा रहे




यूथ फॉर डेमोक्रेसी अभियान में सभी को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने एवं मतदाता जागरूकता अभियान का प्रचार प्रसार करने के साथ ही नए मतदाताओं का वोटर आईडी कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित करने की बात कही गई।इस दौरान मुख्य रूप से सायना परवीन,नवीन रघुवंशी,युवराज सोनी,आयुष रघुवंशी,अभिषेक,यशकुमार सोनी,आशीष वर्मा,मुकेश प्रमोद वर्मा,मनीष डेहरिया,शुभा शर्मा सहित मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्री पुष्प ने ओलम्पियाड के चयनित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**दैनिक जनचिंगारी अजीत पांडे**

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा सत्र 2022-23 में आयोजित ओलम्पियाड प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों क्रमशः- गणित, विज्ञान व अंग्रेजी में कुल 21678 बच्चे सम्मिलित हुये थे जिनमें से 23 बच्चे चयनित हुए। इन चयनित बच्चों के लिए शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में सम्मान समारोह संपन्न हुआ। जिला शिक्षा केन्द्र छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित इस समारोह में कलेक्टर मनोज पुष्प द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। कलेक्टर श्री पुष्प ने अपने उद्बोधन में कहा कि ये बच्चे बहुत होनहार है जिन्होंने अपनी हिम्मत और कोशिश से ये मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का चयन नहीं हुआ, वे भी उदास न हो अपितु कोशिश करें तथा कड़ी मेहनत करें। कार्यक्रम के बाद बच्चों और उनके पालकों को भोजन भी कराया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र जगदीश इडपाचे, सभी बीआरसी व सभी एपीसी और बच्चे व अभिभावक उपस्थित थे।

# प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने जामसांवली में किया हनुमान लोक के भूमिपूजन के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का आकस्मिक निरीक्षण, हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना भी की

**दैनिक जनचिंगारी अजीत पांडे**

**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश के किसान कल्याण तथा कृषि विकास और जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने आज जिले के विकासखंड सौंसर के ग्राम जामसांवली स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर आगामी 24 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हनुमान लोक के भूमिपूजन के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने भूमिपूजन स्थल, पार्किंग, आवागमन और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी प्राप्त की और भूमिपूजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये । उन्होंने हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना भी की । इस अवसर पर पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक नाना भाऊ मोहोड़, जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य विवेक साहू, शेषराव यादव, संजय अग्रवाल व अन्य जनप्रतिनिधि, अतिरिक्त कलेक्टर के.सी.बोपचे, एसडीएम सौंसर अंकिता त्रिपाठी व एसडीएम पांढुर्णा आर.आर.पांडे, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और अन्य अधिकारी व कर्मचारी के साथ ही श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।




# जितेंद्र भी कर रहे हैं पूजा का बेसब्री से इंतजार



आयुष्मान खुराना एक बार फिर पर्दे पर पूजा बनकर लौट रहे हैं यानी एक्टर 'ड्रीम गर्ल 2' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अब मेकर्स ने फिल्म की एडवांस बुकिंग की घोषणा की है और वो भी बेहद खास अंदाज में। आयुष्मान उर्फ पूजा का जलवा अब बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार जितेंद्र पर भी चलता दिखाई दे रहा है। 'ड्रीम गर्ल 2' में आयुष्मान खुराना करीब चार साल का बाद फिर से पूजा बनकर वापसी कर रहे हैं। इस बीच अब सोशल मीडिया एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आयुष्मान खुराना उर्फ पूजा एक्टर जितेंद्र के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियोअनन्या पांडे ने इंस्टाग्राम पर साझा किया है, जिसमें पूजा और जितेंद्र एक-दूसरे के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान जितेंद्र, पूजा की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। एक मजाकिया बातचीत में अभिनेता ने पूजा से पूछा कि वह फिल्म का आनंद कब ले सकते हैं ।

# 'मामला सुलझाया जा रहा है..', 56 करोड़ रुपये कर्ज के तहत विला की नीलामी पर सनी के प्रवक्ता का बयान






बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई एक्शन फिल्म 'गदर 2'की सफलता का आनंद ले रहे हैं। सनी पाजी, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा स्टारर 'गदर 2'बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर सभी का दिल जीत रही है। जहां एक तरफ सनी देओल अपने करियर की सबसे बड़ी हिट को लेकर खुश हैं, वहीं दूसरी तरफ उनको लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई थी। दरअसल, कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सनी देओल बैंक के कर्जदार हैं और इसकी वजह से बैंक उनका एक विला बेचने की तैयारी कर रही है। इस बीच अब कुछ नई रिपोर्ट्स सामने आई हैं, जिनमें सनी देओल की तरफ से बयान दिया गया है।

आज सुबह से सनी देओल 'गदर 2'के अलावा अपने बैंक द्वारा अपने बंगले के बिकने की खबर के चलते सुर्खियों में हैं। दरअसल, सनी देओल के मुंबई के जुहू स्थित आलीशान विला को बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा लोग पर लगाए गए ब्याज सहित 56 करोड़ रुपये का लोन वसूलने के लिए नीलाम किया जा रहा है। आज यानी 20 अगस्त को एक राष्ट्रीय अखबार में बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से एक नोटिस जारी किया गया है। अब इस बीच सनी देओल की तरफ से उनके एक प्रवक्ता ने बयान जारी किया है।

# 'थलापति 68' में डबल रोल में नजर आएंगे विजय?



तमिल सुपरस्टार विजय अपनी आगामी फिल्म थलापति 68 को लेकर पिछले काफी समय से सुर्खियों में हैं। कुछ महीनों पहले ही इस फिल्म की घोषणा की गई थी, जिसके बाद से ही फैंस में इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा उत्सुकता देखने को मिल रही है। इस बीच फिल्म पर एक नया अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वेंकट प्रभु के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में विजय डबल रोल में नजर आने वाले हैं। फिल्म में वह जुड़वा भाइयों का किरदार निभाते हुए नजर आ सकते हैं। हालांकि, इसको लेकर अब तक कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। इससे पहले, यह जानकारी सामने आई थी कि टीम ने 'थलपति 68' में मुख्य भूमिका के लिए ज्योतिका के नाम पर विचार किया है और अगर ऐसा होता है तो यह 'विजय के साथ अभिनेत्री की तीसरी फिल्म होगी। हालांकि, यह बात गौर करने वाली है कि ज्योतिका ने पहले विजय की 'मर्सल' का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। इस फिल्म का निर्देशन एटली ने किया था, बाद में नित्या मेनन ने इस किरदार को निभाया था। थलापति 68 की बात करें तो फिल्म में युवान शंकर राजा का संगीत सुनने को मिलेगा। दो दशक के बाद वह विजय की किसी फिल्म में संगीत देने जा रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो विजय जल्द ही फिल्म लियो में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है। यह गैंगस्टर एक्शन ड्रामा फिल्म 18 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की रिलीज डेट नजदीक होने की वजह से विजय अपना पूरा ध्यान लियो पर केंद्रित कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के बाद वह नवंबर महीने से थलापति 68 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं।

# कैटरीना ने बताई अपनी फेवरिट वेब सीरीज



जीनत अमान के बाद अब एक और सेलेब्रिटी ने अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज Made in Heaven 2 की तारीफ की है। शनिवार को बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने जोया अक्त और रीमा कागती के निर्देशन में बनी वेब सीरीज Made in Heaven सीजन 2 का रिव्यू किया और इंस्टा स्टोरीज में लिखा- पिछले हफ्ते प्राइम वीडियो पर प्रीमियर हुई इस सीरीज को मुझे बिंज वॉच करना पड़ा। कटरीना कैफ ने इस सीरीज को एक 'मस्ट वॉच' कॉन्टेंट बताया है। कटरीना कैफ ने लिखा, क्या कमाल का शो है, याद नहीं आ रहा है कि कब मैंने किसी सीरीज का पूरा सीजन एक बार में खत्म किया था। हर किरदार आपको बांधे रखता है। शो की प्रोड्यूसर और डायरेक्टर्स को टैग करते हुए कटरीना कैफ ने लिखा कि जबरदस्त... कमाल कर दिया। एक कमाल का शो बनाने में कोई कमी नहीं रखी गई है। कटरीना कैफ ने लिखा कि शो की पूरी कास्ट ने जबरदस्त काम किया है। बता दें कि शो का पिछला सीजन काफी पॉपुलर रहा था और अब 9 अगस्त से इसका दूसरा सीजन शुरू हो गया है। इस नए सीजन में वेडिंग प्लानर्स नए तरह की चुनौतियों का सामना करते नजर आएंगे। शो की स्टार कास्ट की बात करें तो शोभिता, अर्जुन, कल्कि कोचलीन, जिम सरभ और शशांक अरोड़ा फिल्म में अहम किरदार निभाते नजर आएंगे।

# कियारा की बोल्ड तस्वीरों ने जीता लोगों का दिल



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने ब्लैक आउटफिट में अपनी कुछ दिलकश तस्वीरें शेयर की हैं जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। कियारा आडवाणी ने इस आउटफिट के साथ कोई जूलरी नहीं पहली है और अपने बालों को पीछे की तरफ बांधा हुआ है। 'कबीर सिंह' फेम एक्ट्रेस इन फोटोज में बला की खूबसूरत लग रही हैं। कियारा आडवाणी ने इन फोटोज को शेयर करते हुए सिर्फ एक इमोजी बनाया है। कियारा आडवाणी की इन तस्वीरों पर खूब लाइक्स और कमेंट आए हैं। सिर्फ 2 घंटे के भीतर तकरीबन 7 लाख लोगों ने इन तस्वीरों को लाइक किया है। कमेंट बॉक्स की बात करें तो एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा- मिसेज मल्होत्रा हमेशा की तरह आग लगा रही हैं। वहीं एक फैन ने लिखा- ये दिल मांगे मोर मैम।

# अमीषा पटेल की सफाई

अमीषा पटेल ने गदर 2 की रिलीज से पहले ओटीटी के कंटेंट का विरोध करते हुए कहा था कि इसमे होमोसेक्सुअलिटी, गे और लेस्बियन को दिखाया जाता है जिस पर उन्हें काफी ट्रोल किया गया था। अब अमीषा ने अपने इस स्टेटमेंट पर सफाई दी है। अमीषा का कहना है कि उनके स्टेटमेंट को गलत तरीके से लिया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वह भी अब वेब शोज में काम करना चाहती हैं। दरअसल, इंडिया टुडे को दिए इंटरव्यू में अमीषा ने कहा, मेरे स्टेटमेंट को गलत तरीके से लिया गया क्योंकि मुझे ओटीटी में जा रहे कंटेंट से कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने आगे कहा मैंने तो लोगों से सुना है कि वे कई शोज पर चाइल्ड लॉक लगाते हैं क्योंकि 90 प्रतिशत लोग परिवार के साथ ओटीटी कंटेंट नहीं देख सकते।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सएप नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .